संदेश

ईद उल फितर के मुबारक मौके पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर भारत और विदेश के अपने मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति के इस दिवस को मनाए जाने के अवसर पर, मुझे उम्मीद है कि दान और आदान-प्रदान की अपनी परंपरा से परिपूर्ण यह पर्व हमारे जीवन को भाईचारे और जरूरतमंदों के प्रति सहानुभूति की भावना से समृद्ध करेगा।

मैं कामना करता हूं कि ईद उल फितर आपसी सौहार्द की ओर राष्ट्र की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करे तथा भारत की सामासिक संस्कृति के संदेश को पूरी दुनिया में फैलाए।